लोक निवास
दिल्ली-११००५४
LOK NIWAS
DELHI-110054

विनय कुमार सक्सेना
उपराज्यपाल
Vinai Kumar Saxena
Lt. Governor

D.O. No. LN/2026/09
Dated: 08.01.2026

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि **"राष्ट्रीय पुस्तक न्यास"**, इस वर्ष नई दिल्ली के भारत मंडपम में **"33वें विश्व पुस्तक मेला"** का आयोजन कर रहा है। 10 से 18 जनवरी 2026 तक चलने वाले इस मेले की थीम **'भारतीय सैन्य इतिहास : शौर्य एवं प्रज्ञा'** रखी गई है, जो प्रत्येक भारतीय को गौरवांवित करने वाला विषय है। मैं, इस मेले में **स्पेन को, सम्मानित अतिथि देश** के रूप में शामिल होने पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत बनाने तथा एक दूसरे की कला और संस्कृति को समझने में यह मेला मददगार साबित होगा।

पुस्तक प्रेमियों की ज्ञान तृष्णा को संतुष्ट करने के लिए, इस वर्ष मेले में दो हजार से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां विभिन्न विषयों और विभिन्न लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। मुझे विश्वास है कि विभिन्न कार्यक्रमों और मंचों के माध्यम से होने वाली चर्चाएं, पुस्तक प्रेमियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होंगी। भारत के पूर्व राष्ट्रपति **ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था, "एक पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है"**। इस मेले को लगातार मिल रही सफलता इस बात का साक्षात प्रमाण है।

मैं आशा करता हूँ, कि इस मेले के माध्यम से पुस्तक प्रेमिकों को विकसित होते भारत की झलक मिलेगी, तथा यह मेला जनमानस में साहित्य के प्रति लगाव बढ़ाने में सफल होगा! मैं, इस पुस्तक मेले के सफल आयोजन की कामना करता हूँ, साथ ही सभी प्रकाशकों, मुद्रकों, वितरकों और लेखकों को इसके लिए बधाई प्रेषित करता हूं।

(विनय कुमार सक्सेना)